卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 269 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦6 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बारिश का कहर, जनजीवन अस्त व्यस्त

### नदी नाले उफान पर,भूस्खलन से कई मार्गों पर आवाजाही ठप

हल्द्वानी/देहरादून/हरिद्वार/काशीपुर। प्रदेश में बारिश का कहर जारी है। कई जगह नदी–नालों ने रौद्र रूप ले लिया है। कई सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। जिससे आवागमन ठप हो गया है। भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के भौर्या मोड़ के पास थुवा की पहाड़ी से भूस्खलन होने से सड़क में पत्थर और बोल्डर आने यातायात ठप हो गया। बुधवार से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते बृहस्पतिवार को धारी–पोखराड़ मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा आने के से मार्ग पर आवाजाही पूर्ण





रूप से बंद हो गई है। मार्ग के बंद होने से ग्रामीणों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## दरोगा पर बाइक चढ़ाने वाला बदमाश पुलिस कस्टडी से हुआ फरार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दरोगा पर बाइक चढ़ाने वाला बदमाश पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा है। फरार बदमाश की



गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। बदमाश का पता लगाने के लिए पुलिस सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बता दें मंगलवार रात चेन स्नेचिंग की दो घटनाओं के बाद पुलिस ने बाइकर्स गिरोह की धर पकड़ के लिए सिडकुल चौक के पास घेराबंदी की थी। पुलिस घेराबंदी देख कर बेखौफ बाइकर्स ने दरोगा मोहन भट्ट पर बाइक चढ़ा जान से मारने का प्रयास किया था। बाइक चढ़ने से दरोगा मोहन भट्ट गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वही बाइकर्स भी बाइक गिर जाने पर घायल हो गए थे। घायल आरोपितों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। उनका पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## ट्यूशन से लौट रहे छात्र पर केंची से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं ट्यूशन से घर वापस लौट रहे एक छात्र पर मामूली बहस के बाद केंची से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजेश देवल पुत्र राममूर्ति लाल निवासी गांधी कॉलोनी वार्ड 27 ने कहा है कि 5 जुलाई को उसका पुत्र अमित देवल ट्यूशन से अपने दोस्त प्रथम के साथ मोटर साइकिल पर पुरानी इलाहाबाद गली मेन बाजार (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री बेचने के नाम पर सवा करोड़ की ठगी

### महिला समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। फैक्ट्री बेचने के नाम पर की गई लगभग सवा करोड़ की धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सरवर खेड़ा थाना कुंडा निवासी शशांक अग्रवाल पुत्र अरुण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2022 में गुड़गांव हरियाणा निवासी संजय केसरी पुत्र शंकर केसरी, डायरेक्टर सृष्टि केसरी पत्नी संजय केसरी, आर्यन केसरी पुत्र संजय केसरी तथा एडविक केसरी पुत्र संजय केसरी के द्वारा पता चला कि जसपुर रोड स्थित उनकी एक बंद पड़ी फैक्ट्री को वह बेचना चाहते हैं। शिकायतकर्ता को जब इसका पता चला तो उसने दूसरे पक्ष से मिलकर सौदे की बातचीत शुरू की। कई राउंड की बातचीत के बाद सौदा एक करोड़ 55 लाख रुपयों में तय हुआ। सौदे के वक्त दोनों पक्षों के बीच यह शर्त रखी गई कि 2023 की 30 जनवरी तक बैनामा तथा समस्त रकम का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान क्रेता द्वारा 20 लाख रुपए बयाने के तौर पर दिए गए। इस तरह चेक के माध्यम से शिकायतकर्ता ने विक्रेता पक्ष को एक करोड़ 28 लाख 12 हजार 700 भुगतान किए। लेकिन इसी बीच उसकी असलियत सामने आ गई। धोखाधड़ी का शक होने पर जब शिकायतकर्ता ने आरोपी पक्ष से दी गई रकम (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाईक सवार महिला से झपटा पर्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक सवार बदमाशों द्वारा स्कूटी पर सवार होकर मैट्रोपोलिस सिटी स्थित घर जा रही बैंक प्रबंधक से पर्स लूटने के बाद भागने के दौरान एक दरोगा को टक्कर मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला अभी शांत नहीं हो पाया है कि एक अन्य बाईक सवार महिला से मैट्रोपोलिस सिटी के समक्ष उसी प्रकार पर्स लूटने की एक और घटना प्रकाश में आई है। पीड़िता ने घटना की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में गीता पाण्डेय पत्नी राकेश पाण्डेय निवासी रुद्रा ग्रीन्स फेज–2 निकट सीएनजी पेट्रोल पम्प जयनगर नंबर 4 रुद्रपुर ने कहा है कि 29 जून की रात्रि करीब सवा आठ बजे वह अपने पति एवं 3 वर्षीय पुत्री के साथ अपने निवास स्थान जा रही थी। इसी बीच मेट्रोपॉलिस सिटी के निकट रास्ते में अचानक उसका पर्स जिसमे मोबाइल, आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि कागजात रखे थे । अज्ञात बाइक सवार द्वारा अन्धेरे का फायदा उठाकर छीन लिया गया। इस घटना से उसकी 3 वर्षीय पुत्री की मानसिक स्थिति पर गहरा आघात पहुँचा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर पुलिस का दावा है कि पर्स लूट की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर दिया जायेगा।

## धान बुआई करते मजदूर की सर्प दंश से मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र में मजदूरी के लिए बरेली से आए एक मजदूर की खेत मां धान रोपाई के दौरान विषैले सांप के करने से मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। श्रमिक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सेंडा देवरनिया, बरेली निवासी 25 वर्षीय शिशुपाल खेतिहर मजदूर था। वह 15 जून को गांव राघव नगर किच्छा में एक खेत स्वामी के खेत में धान रोपने के लिए अपने कुछ साथियों के साथ आया था। गत दिवस वह खेत में धान रोपाई कर रहा था। इसी दौरान खेत की मेड़ के नजदीक विषैले सांप ने उसे डस लिया। जिससे वह अचेत हो गया। आनन–फानन साथी श्रमिक उसे लेकर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक शिशुपाल के साथी श्रमिकों ने बताया कि शिशुपाल के पिता की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है और मां दिव्यांग है।

## प्रदीप की मौत से जल्द उठ सकता है पर्दा

### हत्या के आरोप में एक नामजद,अज्ञात के खिलाफ भी मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। हत्या के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार



पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। ज्ञातव्य है कि गत बुधवार की सुबह प्रतापपुर पुलिस चौकी के ठीक बगल पानी से भरे गड्ढे में एक युवक का सब पड़ा पाया गया। उसकी शिनाख्त ग्राम धनौली पट्टी प्रतापपुर निवासी प्रदीप थापा के रूप में हुई। इस मामले में मृतक के भाई संजय बहादुर पुत्र भगत सिंह निवासी उपरोक्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 3 जुलाई की शाम लगभग 8 बजे ग्राम धनोरी पट्टी निवासी अमरजीत सिंह उर्फ सोनू पुत्र मलकीत सिंह उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बिठा कर ले गया था। काफी देर तक प्रदीप के वापस घर न लौटने (शेष पृष्ठ सात पर)

### लेन देन को लेकर पूर्व में हो चुकी थी नोकझोंक

काशीपुर। तहरीर में मृतक के भाई ने बताया कि 3 जुलाई को जब प्रदीप घर से अमरजीत के साथ गया उस वक्त उसके पास 50 हजार की नकदी थी। मृतक के भाई ने यह भी बताया कि अमरजीत के तरफ प्रदीप का काफी पैसा बकाया था। जिसे लेकर पूर्व में दोनों के बीच नोकझोंक भी हो चुकी थी।

आवश्यकता है
रुद्रपुर के विभिन्न क्षेत्रों में शाम को उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र वितरित करने के लिए युवकों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन
-संपर्क करें-
9760205563

# रूद्रपुर में तीन दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रामपुर रोड स्थित एक होटल में इंडस्ट्रीयल एक्सपो प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि यूपी सरकार के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने विधिवत शुभारम्भ हुआ। प्रदर्शनी 7 जुलाई तक चलेगी। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी



इंडस्ट्रीयल एक्सपो की यह उत्तराखंड में होने वाली सबसे बड़ी प्रदर्शनी है। अब तक रुद्रपुर में इसके कई संस्करण आयोजित हो चुके हैं। इस प्रदर्शनी में 150 से अधिक स्टाल लगाई गयी है उत्तराखंड के अलावा देश के कई राज्यों से आए व्यवसायी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। औद्योगिक प्रदर्शनी के माध्यम से रुद्रपुर और निकट क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों को अपनी फैक्ट्री सुचारु रूप से चलाने में उपयोगी सभी उपकरण व सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेगी। उद्योगपति विभिन्न उपकरण निर्माता व सप्लायर से सीधे मुलाकात कर सकते हैं वह उपकरण की संपूर्ण जानकारी व तकनीकी ज्ञान उपकरण के विशेषज्ञों के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में धातुनिर्माण से जुडी तकनीक जैसे हाई स्पीड लेजर कटिंग मशीन, शीट मेटल वर्किंग, वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडिंग मशीन, जोइनिंग प्रोसेस, मेटलर्जी के साथ साथ उद्योगों के लिए रोजमर्रा की मशीन जैसे कंप्रेसर, जनरेटर, ट्रांसफार्मर, कण्ट्रोल पैनल, तार, समक लाइट इत्यादि का प्रदर्शन मशीन उपकरण बनाने वाली कंपनियों के द्वारा किया गया है, जिस से इनका उपयोग करने वाली इंडस्ट्री को सोच समझ कर फैसला लेने मे मदद मिल सके। आयोजकों ने कहा कि औद्योगिक प्रदर्शनी द्वारा उद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त मात्रा एवं गुणवत्ता के उत्पात देखने व खरीदने को मिलते हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनी से रुद्रपुर के उद्योगों को गति मिलेगी और नए अवसरों का लाभ भी मिलेगा। उद्योग जगत में हो रहे नए बदलाव की जानकारी उद्योग प्रदर्शनी द्वारा प्राप्त होगी तथा देश विदेश में आई नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती है, प्रदर्शनी में उपकरणों के सभी प्रतिस्पर्धी उपलब्ध होने से उत्पादों की तुलनात्मक जानकारी की जा सकती है। प्रदर्शनी का आयोजन द्रोणाचार्य इवेंट्स द्वारा किया गया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेयर रामपाल सिंह, दीपक चौधरी, कुलदीप सिंह, शकील खान सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा,विकास जिंदल ,विपिन कुमार, मनीष बिष्ट, ,सचिन गोएल ,अतुल कुमार सिंह, अशोक बंसल,देवी शंकर अग्रवाल, अजय तिवारी, ,संजय सिंघल, ,रमेश मिड्ढा ,गौरव हरीश, विनीत आचार्य ,आर. के. बत्रा, गजेन्द्र सिंह, आर. के. चौधरी आदि मौजूद रहे।

# होटल में तलवार से हमला करने वाले चार गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होटल में विवाद के चलते चार आरोपियों ने एक युवक को तलवार से वार कर घायल कर दिया था। इसमें पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है आरोपी पंजाब जाकर विदेश जाने कि फिराक में थे। पुलिस ने आरोपी से तलवार बरामद कर कार को भी जब्त कर लिया है। बुधवार को एसएसपी कार्यालय में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया दो जुलाई की रात नौ बजे किच्छा निवासी अभिषेक तनेजा पुत्र अनिल तनेजा किच्छा रोड़ स्थित होटल में एक परिवार डिनर करने आए थे। इस दौरान महिला से छोड़-छाड़ को लेकर उनका चार लोगों से विवाद हो गया था। इसके बाद चारों ने मिल कर अभिषेक पर तलवार से हमला कर दिया। इसमें अभिषेक के हाथ गंभीर रुप से घायल कर दिया। तीन जुलाई को अभिषेक तनेजा ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटना की जांच करते हुए टीम गठित की गई और सीसीटीवी फुटेज को देख कर आरोपियो कि शिनाखध्त की गई। पुलिस मंगलवार को तीन पानी किच्छा बाईपास रोड पर पहुंच गई और सूचना मिली कि दो जुलाई को ली-कैसल होटल में मारपीट करने वाले सुरेन्द्र सिंह, महीप सिंह उर्फ संदीप सिंह, तरसेम सिंह, गुरजन्ट सिंह अभी अभी मेन हाईवे से एफएसएल रोड़ की तरफ कार से निकले हैं और पंजाब जाकर



विदेश जाने कि फिराक में हैं। पुलिस ने रोड पर घेराबन्दी करके कार को रुकवाया। इस कार में ग्राम मलपुरी सरकड़ा थाना सितारगंज निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह उर्फ छिन्दर पाल पुत्र जसमेल सिंह, डुडार सरकड़ा थाना सितारगंज निवासी तरसेम सिंह उर्फ सेमा पुत्र लखविन्दर सिंह, वार्ड नंबर आठ सितारगंज निवासी गुरजन्ट सिंह उर्फ जन्टा पुत्र दर्शन सिंह और करघटिया सरकड़ा सितारगंज निवासी महीप सिंह उर्फ हिम्मत पुत्र बलवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान महीप सिंह से घटना में प्रयुक्त तलवार भी बरामद की गयी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा कि वाहन में हथियार रखकर चलने वाले पर कार्रवाई होगी। वाहनों में चैकिंग के दौरान हथियार है या नही इसकी जांच की जायेगी और गाड़ी में हथियार मिलने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# काजल बेहड़ बनी थल सेना में लेफ्टिनेंट

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बड़ा खेड़ा गदरपुर निवासी व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़ की भतीजी काजल बेहड़ पुत्री सुरेंद्र कुमार बेहड़ ने भारतीय थल सेना में बतौर लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होकर गदरपुर सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। लोगों ने काजल बेहड़ को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नगर वासियों की तरफ से बेहड़ परिवार को शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।



# डीएम ने किया ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चैक किया। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में



नमी, पानी, बिजली सहित विभिन्न पहलुओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सही पाई गयी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पूनम पन्त, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, तहसीलदार पूजा शर्मा, बीजेपी जिलामंत्री गजेन्द्र प्रजापति सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# आर्मी केंट में आयोजित किया योग शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में संस्था द्वारा हल्द्वानी आर्मी कैंट में योग शिविर का आयोजन किया गया।योगेन्द्र कुमार साहू तथा धर्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाना जरूरी है।



क्योंकि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिक को प्रकृति से जोड़कर आन्तरिक और बाहरी ताकत को बढ़ावा देने का कार्य करता है। इसलिए योग प्राचीन समय से मनुष्य को प्रकृति द्वारा दिया गया बहुत ही महत्वपूर्ण और अनमोल उपहार है। इस दौरान कर्नल मोहित कुमार, सूबेदार मेजर महावीर सिंह सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रुद्रा मानव शिक्षा कल्याण समिति में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यूनिटी लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य कुंदन राठौर और नरेश जांगड़ा ने किया। पूरा कार्यक्रम विजय गुप्ता की देखरेख में आयोजित हुआ। संस्था के उपाध्यक्ष रजनीश गोयल तथा संस्था के सचिव विजय शिकारी, गौतम थापा,श्रद्धानंद वर्मा आदि ने आये हुए मेहमानों



का संस्था की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि कुंदन राठौर को संस्था के उपाध्यक्ष रजनीश गोयल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कुंदन राठौर तथा नरेश जांगड़ा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर माखन सिंह,संतोष आदि भी उपस्थित थे।

# देवकी विहार में पेयजल के लिए सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बिठौरिया नम्बर-1 स्थित देवकी विहार कालौनी में पेयजल समस्या को लेकर देवकी विहार विकास समिति के महासचिव रमेश पाण्डे के नेतृत्व में कालोनी वासियों ने नलकूप का कनैक्शन दिए जाने और प्रतिदिन नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर जल संस्थान के अधिशासी अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा। अधिशासी अभियन्ता इं आरएस लौशाली ने मौके पर ही सहायक अभियन्ता एवं एसडीओ को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति सुचारु करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर सूचित करने के निर्देश दिए। कालोनी वासियों ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि कालौनी में पेयजल की समस्या का तत्काल समाधान नहीं होने पर कभी भी 48 घण्टे पूर्व के नोटिस पर आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# जलभराव व कीचड़ से आवागमन बाधित

## गांव बसई इस्लामनगर मुख्य मार्ग पर कीचड़ से ग्रामीणों में आक्रोश, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी सोए हैं कुंभकरणी नींद

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बसई इस्लामनगर मुख्य मार्ग पर हुए जलभराव व चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ के कारण ग्रामीणों के समक्ष आवागमन को लेकर दुश्वारियां खड़ी हो गई हैं। यह कोई आज की बात नहीं है ग्रामीणों की माने तो गांव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रतिवर्ष बरसात में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। जलभराव के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को जहां विद्यालय तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है वही गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित होती रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में वह कई बार जनप्रतिनिधियों के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की शिकायत कर चुके हैं लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हो सकी। ज्ञातव्य है कि जसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बसई इस्लामनगर विकास की किरणों से आज भी कोसों दूर है। प्रदेश सरकार जहां एक और सुदूर गांव तक सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने तथा विकास की किरणों से जगमग करने का दम भर रही है वहीं पर पिछले कई वर्षों से बसई इस्लामनगर के ग्रामीण जलभराव व कीचड़ की समस्या से ग्रसित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बरसात में इस कदर जलभराव हो जाता है कि मार्ग से होकर गुजरना दूभर है। इसी जलभराव के कारण गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित होती है। वाहन चालक भी पानी भरे रास्ते पर गिरकर चोटिल होते हैं लेकिन इस बाबत अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। हजारों की आबादी वाले बसई इस्लामनगर की ग्रामीण मार्ग की दुर्दशा को लेकर आक्रोशित है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते जर्जर मार्ग को दुरुस्त कर आवागमन बहाल नहीं किया गया तो भविष्य के परिणाम गंभीर होंगे।





### भाजपा सरकार की हकीकत जगजाहिर : नईम चौधरी

काशीपुर। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष नईम चौधरी ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि विकास का दम भरने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार की हकीकत आज जगजाहिर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2024 के संसदीय चुनावों में क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार को इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। सपा नेता ने यह भी कहा कि जलभराव व कीचड़ की समस्या अकेले बसई इस्लामनगर गांव की नहीं है बल्कि ऐसे तमाम गांव और नगरीय क्षेत्र के मोहल्ले हैं जो वर्षों से जलभराव की समस्या झेल रहे हैं।

# घर में घुसकर महिला व परिजनों पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस बनभूलपुरा क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते फिर एक बार समुदाय विशेष के युवकों द्वारा एक हिंदू परिवार के घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । जबकि अन्य फरार को पकड़ने की कोशिश तेज कर दी है।गौजाजली क्षेत्र में रहने वाले राजेंद्र मौर्य ने बताया मोहल्ले के ही रहने वाले इमरान, उसके पिता व भाई पत्नी सहित पूरे परिवार ने घर के आगे नाली में बह रहे गंदे पानी को लेकर उनके घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिसमें उसकी गर्भवती पत्नी, छोटी बहन और भाभी के गंभीर चोटे आई हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया मोहल्ले में रहने वाले उक्त हमलावर परिवार व उनके साथ दर्जन भर से ज्यादा कई युवकों ने इकट्ठा होकर उनके परिवार पर सरिया लाठी-डंडो से जान से मारने की नियत से हमला किया। आरोप है हमलावरों ने उसकी बहन के गले से मंगलसूत्र व सोने का कंगन भी मौके पर लूट लिया। वही पीड़ित परिवार द्वारा थाने जाकर घटना की लिखित तहरीर दी गई है। थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी द्वारा तत्काल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई पुलिस ने घटना का वाइरल वीडियो फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ थाना बनभूलपुरा में शानू उर्फ इमरान



व अन्य 20 से 30 व्यक्ति नाम पता अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि मनोज कुमार यादव, उनि संजीत कुमार राठौड, कानि. हरीश रावत व मो. अतहर, रिजवान अली, भूपेंद्र ज्येष्ठा, हेड कानि. सुखपाल द्वारा घटना के साक्ष्य व विडियो फुटेज के आधार पर नामजद आरोपी इमरान पुत्र अय्यूब खान निवासी चौधरी कालोनी गोजाजाली उत्तर वार्ड 59 बनभूलपुरा, तोसिफ पुत्र सबदर खान निवासी इन्द्रानगर पप्पू का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा, शान पुत्र कय्यूम खान उर्फ गुड्डू निवासी इन्द्रानगर पप्पू का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा व अती मलिक पुत्र मोबीन मतिक निवासी इन्द्रानगर मोहम्मदी मस्जिद के पास वार्ड 31बनभूलपुरा को बिष्णु बिहार वाली गली से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इमरान तथा तोसिफ पर पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य अभियुक्तगणों की तलाश में टीमें गठित की गयी हैं। वहीं भाजपा व बजरंग दल के नेताओं द्वारा पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर घटना का संज्ञान लेते हुए सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से बनभूलपुरा व आसपास में रह रहे अल्प संख्यक सभी हिंदू परिवार दहशत में है उनका कहना है पिछले एक महीने के अंदर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा यह दूसरी घटना को अंजाम दिया गया है। गत 22 मई को भी नूरी मस्जिद के पास रहने वाले केसरवानी परिवार के साथ भी ऐसी ही घटना घटित हुई थी। बार-बार ऐसी घटनाओं का होना कहीं कोई बड़ा संकेत तो नहीं है। प्रशासन भविष्य में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उक्त घटना पर थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी द्वारा बताया गया क्षेत्र में शांति का माहौल है। उक्त घटना में गिरफ्तार किए गए आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। जिनके खिलाफ पूर्व में भी लड़ाई झगड़े के मुकदमे दर्ज हैं। घटना में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कांग्रेसियों ने किया नये डीएम का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद के नए जिलाधिकारी उदय राज सिंह से कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट में शिष्टाचार मुलाकात की ,और उन्हें बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया स इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे , जहां उन्होंने जिला अधिकारी उदय राज सिंह को बुके प्रदान कर जनपद का चार्ज लेने पर उन्हें बधाई दी, और शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया की उनके कुशल दिशा निर्देशन में जनपद विकास की तरफ अग्रसर होगा। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा ,महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी



की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, निगम में नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान,पूर्व वी डी सी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश जोशी, निगम पार्षद प्रीति साना, निगम पार्षद अशफाक अहमद, पूर्व नामित पार्षद रामाधारी गंगवार, पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, राजेश कुमार, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# काठगोदाम,टनकपुर और रामनगर से वंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर काठगोदाम-हल्द्वानी से दिल्ली और टनकपुर से दिल्ली तथा रामनगर से दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन का अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने पत्र लिखकर रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से अनुरोध किया है कि उत्तराखंड की जनता की मांग है कि नैनीताल, रामनगर तथा टनकपुर को भी वंदे भारत जैसी सेमी हाई स्पीड ट्रेन से दिल्ली से जोड़ा जाए जैसा की विधित है कि नैनीताल पर्यटन की दृष्टि से रामनगर जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क एवं टनकपुर धार्मिक स्थल के रूप में उत्तराखंड में अति प्रसिद्ध हैं। टनकपुर भारत और नेपाल के सीमा से सटा हुआ भी है ऐसे में इन क्षेत्रों में रेल सेवा प्रारंभ किए जाने से जहां एक ओर भारत नेपाल सीमा पर लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। वहीं दूसरी ओर नैनीताल, रामनगर एवं टनकपुर के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री भट्ट ने रेल मंत्री को अवगत कराया है कि नैनीताल, रामनगर एवं टनकपुर से दिल्ली के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन इन क्षेत्रों के विकास के लिए उत्प्रेरक कार्य करेगा और देश के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। लिहाजा काठगोदाम हल्द्वानी से दिल्ली और टनकपुर से दिल्ली तथा रामनगर से दिल्ली रेल मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाया जाना आवश्यक है।

# चौपाल में एसडीएम के समक्ष उठा सड़कों का मुद्दा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में गत सायं उप जिलाधिकारी मनीष सिंह की अध्यक्षता में फुटबॉल मैदान के समीप स्थित राजकीय प्राथमिक माडल स्कूल में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहतआयोजित चौपाल में क्षेत्रवासियो द्वारा अन्य समस्याओं के साथ प्रमुख रूप से सड़क का मुद्दा उठाया गया। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने एसडीएम मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ट्रांजिट कैम्प के तीनों ओर की सड़कें अनदेखी के चलते जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। उन्होंने बताया इन सड़को का कई वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था।जो वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जिस कारण हल्की सी बारिश में सड़ध्क में पानी जमा हो जाता है। जिससे लोगों का वाहन पर सवार होकर गुजरना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। दिलीप ने बताया झील मोड़ से चामुंडा मंदिर तक का मार्ग निर्माण से अधूरा छोड़ दिया गया। यहां





मौजूद गड्ढों में कई वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं। वहीं गोल मढैया में शेड वाली दुकानों से सिडकुल रोड तक का मुख्य मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसके अलावा सभी वार्डो की गलियां भी खराब हालत में हैं। जिनके निर्माण के लिए कई वर्षों से नगर निगम, शासन प्रशासन से कई बार आग्रह किया जा चुका है । परंतु क्षेत्रवासियों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों के साथ ही प्रतिदिन सिडकुल जाने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दिलीप ने एसडीएम ट्रांजिट कैंप की अन्दर की 100 मीटर सडक को डामर या सीसी से अतिशीघ्र बनाये जाने के साथ ही क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का दोनों ओर नाली के साथ निर्माण करवाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने लोगों की राशनकार्ड, पेयजल, विद्युत, सफाई, बढ़ते अपराध, गंदे पानी की निकासी, अवैध शराब व अन्य नशा की समस्याएं भी रखी। करीब दो घंटे तक चले चौपाल कार्यक्रम के अंत में एसडीएम मनीष सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का वह प्राथमिकता से समाधान करवाएंगे। इस अवसर पर तहसीलदार पूजा शर्मा सहित स्थानीय लोगों में कृष्ण पद विश्वास, पार्षद सुशील मंडल, सुरेश, होरीलाल, संजीव विश्वास, रतन मंडल, सहदेव मिस्त्री आदि मौजूद थे।

# मास्टर ट्रेनरों की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रतिरक्षण कार्यक्रम का डाटा एवं जानकारी भी अब ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित पोर्टल की जानकारी एवं कार्य विधि के सम्बन्ध में मास्टर ट्रेनरों की दो दिवसीय कार्यशाला यूआईआरडीए सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यशाला समापन के अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्धारित पोर्टल पर डाटा अपलोडिंग एवं संचालन, पोर्टल के फीचर्स की सम्पूर्ण जानकारी होना नितान्त आवश्यक है, तभी हम दूसरों को भी पोर्टल के बारे में सही से जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण का डाटा पोर्टल पर अपडेट होने से प्रतिरक्षण कार्यक्रम और अधिक प्रभावी होगा, जिसका लाभ विशेषकर महिलाओं एंव बच्चों को होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करना और टीकाकरण करने और प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने और उसके बाद सभी टीकाकरण कार्यक्रमो के लिए किया जायेगा तथा सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम डीजिटल होने के बाद लाभार्थियो को तत्काल प्रमाण पत्र प्राप्त होगें और वे उन्हे डाउन लोड कर सकते है। ये प्रमाण पत्र डीजी लॉकर में संग्रहित किये जायेगें। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को आपसी तालमेल से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने 7 अगस्त से आयोजित होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतिरक्षण काय्रंक्रम के



अन्तर्गत यू-विन सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यू0आई0पी0) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसका उछ्देश्य टीके से बचाव योग्य बीमारियों (वी.पी.डी.) के कारण रुग्णता और मृत्यु दर को कम करना है। भारत सरकार ने प्रत्येक राज्य के दो जिलों में पायलट मोड़ में भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यू0आई0पी0) को डीजिटल बनाने के लिए यू-विन लॉंच किया है, जिसके क्रम में समस्त राज्यों एवं केन्द्र शासित राज्यों के 65 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रुप में यू-विन का लॉच 11 जनवरी 2023 को स्वास्थ्य सचिव भारत सरकार द्वारा किया गया, जिस हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रुप में जनपद हरिद्वार व पिथौड़ागढ़ का चयन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज कुमार शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण के उपरान्त सभी प्रतिभागी अपने ब्लॉको में ए0एन0एम0 व आशा को प्रशिक्षित किया जाए। जनपद ऊधमसिंहनगर में राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार की विशेष्ताओं और उद्देश्य के बार में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक/बी0सी0एम0 कर्मचारियों और स्वाथ्यकर्ताओं को दो दिवसीय यू-विन माडल पर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक जिला प्रतिरक्षण टीम व यू0एन0डी0पी0 के रिर्सोस पर्सन सयद इकबाल रिजवी, प्रोजेक्ट ऑफिसर, यू0एन0डी0पी0 द्वारा दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों को न्ॅप्छ का महत्व समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 राजेश आर्या, डा0 खेमपाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक डा0 एच0सी0 त्रिपाठी, डा0 हितेश शर्मा, डा0 आभिलाषा पाण्डे, डा0 पी0डी0 गुप्ता, डा0 अजयवीर सिंह, सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप मेहर, वी.सी.सी.एम. प्रदीप पाठक, बी.पी.एम. रुद्रप्रताप सिंह, फील्ड सुपरवाईजर नन्दलाल, सौरव शर्मा, ममता सक्सैना आदि लोग उपस्थित थे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# बागेश्वर में शीघ्र बनेगा 200 बैड का चिकित्सालय : धन सिंह

## कैबिनेट मेंत्री धन सिंह रावत ने की स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा, प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो बनेंगे पीएम श्री विद्यालय

बागेश्वर (उद संवाददाता)। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बुधवार को तहसील सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा ली।वही बैठक में जल्द जिले को शीघ्र 200 बैड का चिकित्सालय कलस्टर स्कूल व प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो पीएम श्री विद्यालय व्यवस्था देने का आश्वाशन स्वास्थ्य मंत्री ने दिया। स्वास्थमंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि जनपद में पांच हजार किसानों को पांच लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधओं को और सुदृढ करने हेतु चार से पांच लाख देकर इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जायेगी। प्रत्येक चिकित्सालय में चिकित्सकों के लिए आवास बनायें जाएंगे, ताकि चिकित्सक चिकित्सालय के नजदीक रहते हुए चौबीस घंटे उपलब्ध रह सके। उन्होंने 16 एएनएम व 21 वार्डवॉय स्थानीय स्तर से ही रखने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होंने कहा 18 सीएचओ व 12 नर्स 15 अगस्त तक तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसके सभी चिकित्सालयों में एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती है। उन्होंने कहा विशेषज्ञ चिकित्सकों का अलग कैडर बनाया जायेगा तथा उनकी सेवा अवधि भी 65 वर्ष होगी। उन्होंनें लिंगानुपात शत-प्रतिशत करने के निर्देश देते हुए प्रत्येक गर्भवती महिला को ट्रेस करते हुए पंजीकरण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रसव से एक सप्ताह पूर्व गर्भवती महिला को चिकित्सालय में अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा चिकित्सालय में बैड की उपलब्धता न होने पर होटल अथवा होम स्टे में गर्भवती महिला को रखा जाए, जिसका पूरा व्यय सरकार उठायेगी, ताकि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव




सुनिश्चित हो सके। ईजा-बोई योजना व महालक्ष्मी किट का तुरंत लाभ दिया जाए। उन्होंने वर्षाकाल के बाद प्रत्येक गांव स्तर पर रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य चौपाल लगाकर योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने के निर्देश दिए। चौपाल में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने की बात कही। स्वास्थ मंत्री ने क्षय व कुष्ठ रोग, अंधता निवारण के साथ ही डायलिसिस, जनपद में तैनात 108, एंबुलेंस, खुशियों की सवारी आदि की विस्तृत जानकारी लेते हुए हार्ट के मरीजों को चिकित्सालय तक लाने के लिए रिस्वांस टाइम 20 मिनट से कम करने के लिए जिलाधिकारी व सीएमओ को रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायलिसिस के लिए और मशीनें उपलब्ध करायी जायेगी। डायलिसिस मरीजों को चिकित्सालय तक लाना व ले जाना मुफ्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य को 2025 तक ड्रग्स मुक्त व 2030 तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य है, इसलिए तंबाकू-नशा मुक्त के लिए अभियान चलाया जाए व 40 लाख लोंगो व बच्चों को इसकी शपथ दिलाई जाए।कहा कि सभी चिकित्सालय में एंटी रैबीज व एंटी स्नेक वैक्सीन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करने, चिकित्सा भवन व चिकित्सकों के आवास निर्माण को भूमि चयनित करने के बाद शीघ्र धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि कैंप लगाकर शत-प्रतिशत लोंगो के आयुष्मान कार्ड बनायें जाय, ताकि सभी लोंगो को इसका लाभ मिल सके। अधिक से अधिक लोंगो को रेडक्रास के माध्यम से जोडने के निर्देश जिलाधिकारी व सीएमओ को दिए। मंत्री रावत ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में कलस्टर स्कूल बनायें जाएंगे, जिनके भवन एक से दो करोड तक के बनायें जाएंगे, जिनमें पांच शिक्षकों की तैनाती की जायेगी, तथा वहां पढने वाले बच्चों को 22 रूपयें प्रति किमी कन्वेंस दिया जायेगा। कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को 60 प्रतिशत अंक लाने पर कक्षा के अनुरूप छात्रवृत्ति दी जायेगी। बच्चों को अतिरिक्त क्रियाकलापों के लिए भी 50 अंक इंटरनल दिए जाएंगे तथा 15 दिन में एक दिन विद्यालय बस्ता फ्री होगा, साथ ही बच्चों के बस्तों का वजन कम करने के लिए प्रत्येक विद्यालयों में बुक बैक स्थापित होगा। बच्चों को विद्यालय में वेद, रामायण व स्थानीय भाषाओं का भी ज्ञान दिया जायेगा। उन्होंने कहा असहाय गरीब बच्चों को कक्षा 12 तक शिक्षा के साथ ही रहना-खाना सरकार द्वारा मुफ्त दिया जायेगा। प्रदेश में अभी तक 900 बच्चों का प्रवेश विभिन्न विद्यालयों में कराया गया है। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज काण्डा में विज्ञान संकाय खोला जायेगा तथा गरूड महाविद्यालय में लाइब्रेरी भवन दिया जायेगा। एक सप्ताह के भीतर सभी डिग्री कॉलेज में स्थायी प्राचार्यो की तैनाती कर दी जायेगी। शिक्षा मंत्री ने डायट द्वारा लिखित भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बागेश्वर का योगदान नाम पुस्तिका का विमोचन भी किया।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जो भी निर्देश दिए गए है उनका अनुपालन सभी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। जनपद का विकास सरकार के मंशानुरूप किया जायेगा। समीक्षा बैठक में जिपं अध्यक्ष बंसती देव, पूर्व कबीना मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा इन्द्र सिंह फर्स्वाण, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, पुष्पा देवी, विक्रम शाही, कुन्दन सिंह परिहार, पुष्कर काला सहित मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डीपी जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, एआर कोऑपरेटिव प्रेम प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे।

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड, रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-72481033444

गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 | चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 | पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 | रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# पीएम मोदी के कार्यकाल में हर वर्ग को मिला सम्मान: पाण्डे

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में देश और प्रदेश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बगैर किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास संकल्प के साथ देश और उत्तराखंड प्रदेश तरक्की के पथ पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जुल्फकार अली ने अल्पसंख्यक मोर्चे में रहकर प्रदेश में जो अपनी पहचान बनाई है वह किसी से छुपी नहीं है।वो दिन दूर नहीं जब वे प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चे के बड़े नेता जरूर बनेंगे मेरा आशीर्वाद और प्यार इनके साथ है।यह मेरे बच्चे के समान है इसकी वफादारी पर हमें गर्व है। गदरपुर के आजाद नगर वार्ड 10 में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत हुए समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक वर्ग के लोगों की चिंता करते हुए बड़ी संख्या में योजनाएं बनाई। जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार ने समाज के सर्वसाधारण को मुख्यधारा में लाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार की दूरदर्शी योजनाओं से जन-जन लाभान्वित है और प्रत्येक जन का जीवन स्तर, उन्नति की ओर निरंतर अग्रसर है। पहले योजनाएं भ्रष्टाचार के लिए बनती थीं।वर्तमान में जो योजनाएं बनी है उनका पूरा का पूरा लाभ संबंधित व्यक्ति को मिला है। आयुष्मान योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति अपने परिजनों का इलाज निशुल्क कराने में सक्षम हुआ पूर्व में गरीब व्यक्ति धन की कमी के कारण समुचित इलाज भी नहीं करा पाता था।अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने जहां देश का चौमुखी विकास किया है। वहीं, अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। मुस्लिम समाज को किसी बहकावे में न आकर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहिए। जिससे देश प्रदेश के साथ अल्प संख्यक खासतौर से मुस्लिम समाज का विकास हो सके। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि अब समय आ गया है कि मुस्लिम समाज को भारतीय जनता पार्टी के साथ दिल खोलकर आना चाहिए। अनेक राजनीतिक दलों ने अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम समाज को हाशिए पर रखा है।कांग्रेस की तानाशाही का दौर खत्म हो चुका है अब बस एक ही रास्ता है और वो गदरपुर का विकास। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिस के कार्यकाल में सभी वर्गों को बराबर सम्मान मिला है। देश में माफिया राज समाप्त हुआ है।भ्रष्टाचारियों का काम तमाम हुआ है। बहुत बड़ी संख्या में एक्सप्रेसवे बनाए गए। देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम को सम्मेलन अनेक भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर तमाम लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान, मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा के क्रम में सभी को पत्रक वितरित किये और 9090902024 फोन न. पर मिस्ड कॉल करवाया। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री जी के लिए पूर्ण समर्थन का आग्रह किया। महा-जनसंपर्क अभियान सम्पर्क से समर्थन के अंतर्गत विधानसभा गदरपुर के बूथ न. 68, वार्ड न. 10 आजाद नगर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की।इस अवसर पर अंजार हुसैन, राकेश भुड्डी, चंकित हुड़िया, पंकज सेतिया, गुरजीत सिंह, परवीन, वसीम अख्तर, फहद पाशा, अफसर अली, तेली समाज के अध्यक्ष नजीर तेली, सलमानी समाज के अध्यक्ष रासम सलमानी, सैफ अली, शानू, आबिद अब्बासी, उस्मान सैफी, सईदा, छुन्नन, नन्ने सलमानी, असलम, सलीम बाबा, शफीक बाबा, अय्यूब पाशा, असद, शाहबुद्दीन, यूसुफ अली, सादक अली, टिंकू, जफर, सूफी अहमद हसन, इदरीस पाशा, मुजम्मिल सैफी, शकील तेली, फिरोज इदरीसी, सुहैल, उवैस, जमील बी डी सी, अमीर मुल्ला, अबरार हुसैन, रिजवान पाशा, सद्दाम पाशा, मेहरबान अली, अफनान अली, अबू स्वालेह, जियाउल, रईस अहमद, फरीद इदरीसी, बाबू इदरीसी, मीनू, अजीम पाशा, सरताज, महबूब, हाजी रसीद, जफर, अकील अहमद, शादाब, जावेद, परवेज, गुड्डू, अली अहमद, अफजाल, हनीफ, शारिक, नजीर सैफी, जाकिर, सद्दाम, इस्लाम, हाजी शकील अहमद, रफीक, असलम, तालिब, शाहिद, शानू सलमानी, रफी, रफीक, शमीम जहां, रईस बानो, गुलाफसा, शाहबानो, खुशरबी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।








# रूद्रपुर में खुले दो आंचल कैफे,मेयर ने किया उदघाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य का अपना दुग्ध उत्पादन ब्रांड आंचल डेयरी प्रदेश भर में आंचल कैफे खोलने जा रही है। इसी के तहत दुग्ध संघ द्वारा बुधवार को किच्छा बाईपास रोड आंचल पशु आहार के बाहर एवं जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में स्थापित किये गये आंचल कैफे का शुभारंभ मेयर रामपाल सिंह ने पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर किया। बता दें दुग्ध संघ ने प्रदेश के शहीदों के परिजनों, आंदोलनकारियों और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाने को लेकर एक नई पहल की है। दुग्ध संघ ने वर्तमान में मौजूद अन्य दुग्ध कंपनियों को सीधा टक्कर देने के लिए कंपनी आंचल के उत्पादों को हर व्यक्ति तक आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश भर में 100 आंचल कैफे खोले खालने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरुवात दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कर दी है। इसी के तहत जिला मुख्यालय रूद्रपुर में भी बुधवार को दो आंचल कैफे खोले गये जिनका शुभारम्भ मेयर रामपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आंचल ब्राण्ड की पहुंच हर व्यक्ति तक बनाने और शहीरों के परिजनों, आंदोलनकारियों और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आंचल कैफे खोलने का निर्णय सराहनीय है। इससे न सिर्फ तमाम लोगों को रोजगार मिलेगा। बल्कि उत्तराखंड राज्य के अपने दुग्ध ब्रांड को भी और अधिक प्रोत्साहन मिल सकेगा। जगह जगह कैफे खुलने से उत्तराखण्ड में आने वाले सैलानियों को भी इसका लाभ मिलेगा और सैलानियों के जरिये आंचल ब्राण्ड की पहचान दूसरे प्रदेशों और देश के बाहर भी पहुंचेगी। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि दुग्ध उत्पादों से जुड़ी दूसरी कंपनियां ही अब तक कैफे संचालित करती रही हैं। आंचल डेरी को और अधिक बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की सकारात्मक सोच के चलते अब आंचल डेयरी ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाकर प्रदेशभर में 100 कैफे खोलने का काम शुरू कर दिया है। मेयर रामपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुसार प्रदेश में शहीदों के परिजनों, आंदोलनकारी परिवार, युवा और महिला शक्ति को सशक्त किए जाने को लेकर यह पहल की गयी है। निश्चित ही यह प्रयास प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, पार्षद सीमा गुप्ता, सुनील कुमार, भुवन गुप्ता, राजेन्द्र चौहान, मदन मोहन शर्मा, किरन माजिला, अरविंद शर्मा, मुकेश सिरोही, तरूण पंत, आदेश कुमार, गौरव ब्रजवासी, प्रदीप भट्ट, जयंत सरकार, मकदूम अली, तारा दत्त दुम्का आदि मौजूद रहे।





# कैबिनेट मंत्री ने किया आंचल केंद्र का शुभारम्भ

सितारगंज (उद संवाददाता)। दुग्ध, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सितारगंज के रोडवेज बस स्टेशन में बने आंचल कैफे का शुभारम्भ किया। पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर व नारियल तोड़कर आंचल केंद्र का शुभारम्भ किया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य का अपना दुग्ध उत्पादन ब्रांड आंचल डेयरी की ओर से आंचल कैफे खोले गये हैं। इससे राज्य के लोगों को अपनी ब्रांड का



दुग्ध उत्पाद निर्मित आइसक्रीम व प्रोडेक्ट मिलने लगे हैं वहीं रोजगार भी मिलेगा। बुधवार को राज्य के विभिन्न शहरों में 12 आंचल कैफे शुरू किये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के अपने दुग्ध ब्रांड को प्रोत्साहन मिलेगा। यहां उधम सिंह नगर दुग्ध संघ के प्रशासक तिलकराज गम्भीर, उधम सिंह नगर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, तरुण पंत, रतन लाल गुप्ता, सुखदेव सिंह, राकेश त्यागी, आदेश ठाकुर, आदेश चौहान, उमेश मिश्रा, विजय सलूजा, सुरेश जैन, विष्णु प्रमाणिक, शिखा हाल्दार, अंशुल तिवारी, नवीन भट्ट, मनोहर क्वैराली मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया संस्कृत महाविद्यालय के छात्रावास का लोकार्पण

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को प्रीतम रोड, देहरादून स्थित श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। यह छात्रावास पूर्व राज्यसभा सांसद श्री तरुण विजय की सांसद निधि (2014-15) द्वारा निर्मित किया गया। छात्रावास के लोकार्पण के अवसर पर राज्यपाल ने इस छात्रावास को बनाने में सहयोग करने के लिए श्री तरुण विजय और महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास यहां अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए उचित आवास की व्यवस्था बनाने में सहायक होगा। राज्यपाल ने कहा कि जब हम उत्तराखण्ड के प्राचीन इतिहास के बारे में पढ़ते हैं तो हमें पता चलता है कि उत्तराखण्ड की इसी धरती से संस्कृत भाषा के माध्यम से ज्ञान और विज्ञान का प्रसार हुआ था। भगवान वेदव्यास जी ने वेदों के ज्ञान को श्री बद्रीनाथ की पवित्र भूमि से विस्तारित किया था। इसी भूमि पर सभी पुराणों की रचना हुई थी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम संस्कृत भाषा को आगे ले जाने का संकल्प लें और इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत भाषा उन्नयन के लिए सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है, इसके लिए हर एक को निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में जो शक्ति और ज्ञान-विज्ञान समाहित है, उस अनुपात में हम अभी संस्कृत भाषा को पूरा महत्व नहीं दे पा रहे हैं, जो हमारे लिए चिंता का विषय है।संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय, गुरुकुल अपनी क्षमता के अनुसार इसके विकास और संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। लेकिन हम सभी को भी इस दिशा में अपना पूर्ण योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत विद्या के संरक्षण के लिए श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय और ऐसे ही सभी संस्कृत विद्यालयों को सभी प्रकार से आवश्यक संसाधनों की आवश्यकताएं अवश्य ही पूरी होनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद तरुण विजय और विधायक खजान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर निदेशक संस्कृत शिक्षा एस.पी. खाली, प्रधानाचार्य रामप्रसाद थपलियाल सहित गणमान्य लोग और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# द डांस आइकन सीजन 2 में शिवम निकिता और स्मृति का हुआ चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जेसीज के बारहवीं कक्षा के छात्र शिवम पाल, ग्यारहवीं कक्षा की स्मृति तथा दसवीं कक्षा की निकिता को मुंबई में आयोजित होने वाले भारत के सबसे बड़े टीवी रियलिटी डांसिंग शो-द डांस आइकन सीजन 2 के मेगा शूट के लिए चुना गया है। मई माह में इस कार्यक्रम में इन कलाकारों का चयन ऑनलाइन ऑडिशन के द्वारा किया गया था। अपनी प्रतिभा आत्मविश्वास और नृत्य के अभ्यास से इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। विद्यार्थियों ने कहा कि शैक्षणिक योग्यता के साथ समय समय पर विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से उनमें इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का विश्वास उत्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, वैभव गूगे, एलेक्स बडाड, एवम प्रोनिता है। इस कार्यक्रम का मेगा शो 13 अगस्त को पुन: दिल्ली में तथा उसके पश्चात् मुंबई में शूट किया जाएगा। महासचिव श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर जी ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी और आगामी कार्यक्रम में सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुधांशु पंत एवं समस्त जेसीज परिवार ने उन्हें बधाई दी। उन्होने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समय समय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होने कहा कि हम सब उन्हें जुनून, ऊर्जा, समर्पण और खुशी के साथ नृत्य करते देखने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उनके आगामी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभ कामनाएं प्रदान की।



# प्राइम ओवरसीज कंसलटेंट कार्यालय का भव्य शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के दिनेशपुर रोड पर प्राइम ओवरसीज कंसलटेंट के कार्यालय का भव्य शुभारम्भ किया गया।लगभग पांच वर्षों के अटूट विश्वास के चलते प्रतिष्ठान के स्वामी अंकुर चावला द्वारा कार्यालय को नए रूप में बनाया है।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया उनके यहां कनाडा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपियन देशों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने हेतु वीसा लगवाने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाता है।उन्होंने



कहा विगत लगभग पांच वर्षों के अनुभव में किसी भी प्रकार की फाइल कभी निरस्त नही हुई है यही वजह है कि आज उनके विश्वास में बढ़ोतरी हुई है।वही अंकुर चावला द्वारा परिवार के साथ पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारम्भ किया गया।इस दौरान राजेन्द्रपाल सिंह,सुरेन्द्रपाल सिंह,प्रणव सिंह,प्रदीप चावला,हिमांशु पंजरथ,संजय डंग, तेजन सिंह, रोहित पोपली,वैभव बत्रा,अनमोल भट्ठी,विशाल बत्रा,अंकित अग्रवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीसीएस रावत हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

नैनीताल (उद संवाददाता)।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर डीसीएस रावत व महासचिव पद पर सौरभ अधिकारी ने जीत हासिल की। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विकास कुमार गुगलानी व महिला उपाध्यक्ष शीतल सेलवाल को चुना गया। बताया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पद डीसीएस रावत ने भारी मतों से जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर दुर्गा सिंह मेहता व तीसरे नंबर पर शशिकांत शांडिल्य रहे। अन्य पदों पर कांटे का मुकाबला हुआ। अध्यक्ष पद पर डीसीएस रावत को 449, डीएस मेहता को 229 व शशिकांत शांडिल्य को 124 वोट मिले जबकि महासचिव पद पर सौरभ अधिकारी को 433 व उनके प्रतिद्वंद्वी विरेंद्र रावत को 419 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सामान्य) के लिए विकास कुमार मुगलानी को 452 व कौशल साह जगाती को 386 वोट मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मानवेन्द्र सिंह को 446 जबकि प्रभात बोहरा को 397, महिला उपाध्यक्ष पद पर शीतल सेलवाल को 352 जबकि मधु नेगी सामंत को 290 व शिवांगी गंगवार को 189 वोट से संतुष्ट होना पडा। संयुक्त सचिव (प्रशासनिक ) पद पर कौशल पांडे, संयुक्त सचिव (प्रेस) पद पर मंयक पांडे, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (सामान्य) के चार पदों पर दिगविजय सिंह बिष्ट, ध्रुव चन्द्र, हिमान्शु राठौर व सुमन नौटियाल ने जीत हासिल की।

# उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति को तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश

नैनीताल। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बुधवार को उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सुनील जोशी की नियुक्ति नियम विरुद्ध करार देते हुए पद से हटाने का आदेश पारित किया। डा. जोशी की करीब पांच वर्ष पहले नियुक्ति हुई थी। इसी माह उनका कार्यकाल पूरा हो रहा है।खंडपीठ ने इस मामले में 15 जून को सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया था। हरिद्वार निवासी विनोद चौहान ने हाई कोर्ट में डा. जोशी की कुलपति पद पर नियुक्ति को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि डा. जोशी का प्रोफेसर पद पर अनुभव 10 वर्ष नहीं है। यूजीसी नियमों के अनुसार कुलपति पद के लिए कम से कम 10 वर्ष प्रोफेसर का अनुभव अनिवार्य है। लेकिन डा. जोशी के पास कुलपति पद की निर्धारित योग्यता नहीं है।डा. जोशी ने पद का दुरुपयोग कर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। पदोन्नतियों में भी धांधली की है। शासकीय नियमों का उल्लंघन कर नियम विरुद्ध निर्णय लिए, लिहाजा उन्हें पद से हटाया जाए। सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने 15 जून को सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया। बुधवार को अपने फैसले में कोर्ट ने कुलपति की नियुक्ति ही निरस्त कर दी। कुलपतियों की अयोग्यता का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी एसएस जीना अल्मोड़ा विवि के कुलपति प्रो. एनएस भंडारी की नियुक्ति को असंवैधानिक करार दिया जा चुका है। अलबत्ता, प्रो. भंडारी ने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने से चंद दिन पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया था। इसी आधार पर श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी की नियुक्ति को भी हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है, जो विचाराधीन है।

# चार जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के चार जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बागेश्वर, टिहरी, देहरादून और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां गर्जन के साथ बिजली कड़कने और बारिश के तीव्र, अति तीव्र दौर की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, नौ जुलाई तक इन जनपदों में मौसम ऐसा ही रहेगा। यहां तेज से भारी बारिश होने की आशंका है। प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध 179 सड़कों में से 52 को यातायात के लिए खोल दिया गया है, जबकि 127 सड़कें अब भी बंद हैं। लोनिवि की ओर से इन सड़कों को खोलने की कार्रवाई की जा रही है। भारी बारिश के चलते बुधवार को सड़कों को खोलने के काम में दिक्कत आई। प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक यादव ने बताया कि प्रदेश में बुधवार देर शाम तक 127 सड़कें बंद थीं, जिन्हें खोलने के लिए मौके पर 119 जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर आदि मशीनें प्रमुखता से लगी हैं।

# एडीजी ने चार पुलिस कर्मी किये निलंबित

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कांवड़ मेले हरिद्वार पर निरीक्षण पर आए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने एसएसपी हरिद्वार की रिपोर्ट पर ड्यूटी में लापरवाही पर चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए गए हैं जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जाकनारी के अनुसार आरटीसी देहरादून में तैनात हेड कांस्टेबल योगेश कुमार और अपर उप निरीक्षक सर्वेश कुमार, लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे।इसके अलावा कॉन्स्टेबल भुवन पांडे पिथौरागढ़ और कॉन्स्टेबल प्रवेश चौहान हरिद्वार को शराब पीकर ड्यूटी करते हुए पाया गया था। जिस पर चारों पुलिस कर्मियों को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने निलंबित कर दिया है।

# विलुप्त प्रजाति के कछुए के साथ तस्कर गिरफ्तार

शक्तिफाम(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान कछुए की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से जूट के बोरे में रखे दो कछुए बरामद किये हैं। उसके खिलाफ भारतीय वन्य जीव जंतु संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की मध्य रात्रि चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, कांस्टेबल भारत भूषण व हरीश कबड़वाल के साथ गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर टीम ने रतन फार्म न.3 के राज नगर तिराहा के पास से गांव के ही विवेक माली को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से जूट के बोरे में रखे एक जिंदा व एक मृत कछुआ बरामद हुआ। इस पर आरोपी को हिरासत में ले



लिया। चौकी लाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया और बरामद कछुए वन विभाग के सुपुर्द कर दिए। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि वन्य जीवों की तस्करी किसी हाल में नहीं होने दी जाएगी।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विवेकनगर वार्ड नं. नौ केन्द्र सुंख्या नौ के आंगनबाड़ी केन्द्र में मेरी सहेली सेनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन का उदघाटन मेयर रामपाल सिंह की धर्मपत्नी अंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर अंजू सिंह ने महिलाओं को इस मशीन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को सेनेटरी पैड का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि चेहरे को चमकाने से बिमारियां नहीं रूकेंगी बिल्क खुद को सही तरीके से मेंटेन करने से ही



बिमारियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज भी जागरूकता के अभाव में महिलाएं सेनेटरी पैड का उपयोग नहीं करती। सरकार ने महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही वेंडिंग मशीन लगाकर महिलाओं को यह सुविधा उपलब्ध करायी है। इस अवसर पर महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष ने भी महिलाओं को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास, सहायिका चंपा सरकार, सलोनी, रेखा, राखी, चन्द्रवती, सुशीला, रजनी, रानी, अनीता, मंजू, पुष्पा, पूजा आदि मौजूद थे।

# आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीण की मौत

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट पुलिस क्षेत्र के लीती गांव निवासी एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। बकरियों व भेड़ों को लेकर जंगल में चरवाहे के लिए गया था। जहां वह आकाशीय विजली की चपेट में आ गया।लोधुरा के जंगल में अचानक आकाशीय बिजली गिरने के बाद जब लोगो ने इसके बाद युवक से बातचीत करना चाहा, तब अन्य चरागाहों को मामले का पता चला, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रभारी तहसीलदार कपकोट देवेंद्र लोहनी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को रमेश सिंह पुत्र मंगल सिंह ग्राम लीती निवासी अपने भेड़ बकरियों को चुगाने जंगल में गए थे। लोधुरा के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद कपकोट पुलिस मौके पर पहुंची। बुधवार को शव का जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम कराया। और शव परिजनों को सौंप दिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि यह घटना आपदा के अंतर्गत आती है। नियमानुसार पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जाएगा।

# मकान गिरने की झूठी शिकायत पर पुलिस सख्त

बागेश्वर(उद संवाददाता)। डायल 112 पर मकान ध्वस्त होने की झूठी सूचना एक युवक को भारी पड़ गई। झिरौली पुलिस को बीते मंगलवार रात करासीबूंगा गांव पहुंची। वहां से डायल 112 पर सूचना आई थी। सूचना महेंद्र सिंह ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मवेशियों के रहने वाला मकान अतिवृष्टि से गिरने वाला है। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद पता चला कि कालर लिंटर वाले मकान में रहता है। उसके किनारे में सटा एक पुराना मकान है। जिसका कुछ हिस्सा पूर्व में स्वयं उसने तोड़ दिया था। जिसमें उसके जानवर बंधे थे। मकान को वर्षा से नुकसान भी नहीं हुआ था। कालर के पुलिस को गुमराह करने की नियत से झूठी काल की। पुलिस ने उसकी काउंसेलिंग की और उसे भविष्य में इस तरह की झूठी काल नहीं करने को कहा गया। आरोपित के विरुद्ध 81 पुलिस अधिनियम में कार्रवाई की गई।

## पेज एक का शेष...

**बारिश का कहर...**रहा है। धारी-पोखराड़ मार्ग पर मलबा आने से सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। उन्होंने कहा वाहनों को कसियालेख-भटेलिया मार्ग और पोखराड़ इंटर कॉलेज के मार्ग होते हुए पदमपुरी से भेजा जा रहा है। हरिद्वार में बारिश से कनखल के लाटोवाली में एक जर्जर मकान की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। मलबे की चपेट में आई बाहर खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश से शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया हैं। जलभराव के चलते लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चमोली के छिनका में बदरीनाथ हाईवे बाधित होने पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। यहां पहाड़ी से मलबा आने के हाईवे अवरुद्ध है। देहरादून में बारिश के कारण सहस्त्रधारा बस स्टैंड के निकट दुकान के ऊपर बड़ा बोल्डर गिर गया। घटना बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। सहस्त्रधारा बस स्टैंड के पास मनोज गुप्ता की दुकान के ऊपर पहाड़ी से एक बड़ा बोल्डर गिर गया, जोकि मनोज गुप्ता की छत पर गिरा। दुकान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए पत्थर सड़क पर गिर गया। सूचना पर चौकी आईटी पार्क से चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो मौके पर उक्त स्थान पर कोई जनहानि नहीं हुई है। मनोज गुप्ता की दुकान का नुकसान हुआ है। सहस्त्रधारा बस स्टैंड पर निवासरत सभी लोगों को वहां से अन्य स्थान पर शिफ्ट किया गया है तथा सभी लोगों को बरसात के मद्देनजर सतर्क रहने के लिए सूचित किया गया है। उधर काशीपुर में तड़के से रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश के बीच समूचा शहर ताल तलैया में तब्दील हो गया है। अपराहन 2 बजे तक व्यापक जलभराव के कारण आवागमन बाधित है। ज्ञातव्य है कि तड़के से यहां हो रही मूसलाधार बारिश के बीच स्टेशन रोड, मुरादाबाद रोड, बाजपुर रोड, रामनगर रोड की तमाम स्थानों समेत मेन मार्केट व रतन रोड पर जलभराव के कारण जहां आवागमन बाधित है वहीं दूसरी ओर दो से 3 फीट तक बरसात का पानी जमा होने के कारण दुकानों में पानी घुस गया। इस तरह एक बार फिर से व्यापारियों का भारी नुकसान का आकलन किया जा रहा है। भारी बरसात के बीच जहां शहर के मुख्य मार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग पानी में पूरी तरह डूब गए वहीं दूसरी ओर घनी आबादी वाले मोहल्लों में भी जलभराव ने नगर निगम की पोल खोल दी। निगम प्रशासन द्वारा मानसून आने से पूर्व नाले नालियों के तली झाड़ की भली प्रकार सफाई ना होने के कारण पौराणिक शहर काशीपुर एक बार फिर जलभराव की ज्वलंत समस्या से दो-चार हो उठा। निगम द्वारा जहां नालों की सफाई कराई गई है वहां से कचरे की मलबे को नहीं उठाया गया। भारी बरसात में यही मलबा दोबारा नाले में जाकर जल निकासी में बाधा बन गया है। आवास विकास काजीबाग कटोरा ताल डॉक्टर लाइन मधुबन नगर अल्ली खां लक्ष्मीपुर पट्टी कवि नगर गौतम नगर समेत नगर के दर्जनों आबादी वाले मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बुरी तरह व्याप्त है। नाले नालियों का मल मूत्र युक्त गंदा पानी सड़कों पर भरने के कारण लोग नारकीय तरीके से आवागमन को विवश हैं।

**फैक्ट्री बेचने के नाम...**वापस मांगा तो दूसरी ओर से परिवार को मौत के घाट उतारने की धमकी मिली। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**दरोगा पर बाइक चढ़ाने ...**रहा था। गुरुवार सुबह पुलिस कर्मी को नींद आ गयी और दूसरा बाथरूम में गया था। इसी दौरान मौका पाकर संजू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ट्रांजिट कैम्प हथकड़ी से हाथ निकाल कर फरार हो गया। उसके फरार होने से पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाश का भागने का रूट खंगालना शुरू कर दिया। साथ ही रुद्रपुर में लगे सीसीटीवी भी पुलिस की अलग अलग टीम ने खंगलने शुरू कर दिये।

**प्रदीप की मौत से ...**पर परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अमरजीत को पूछताछ के लिए चौकी में तलब किया इस दौरान अमरजीत ने पुलिस को बताया कि उसने प्रदीप को गौशाला मोड़ पर कबाड़ी की दुकान के समीप छोड़ दिया था। पुलिस इस मामले में छानबीन कर ही रही थी कि बुधवार सुबह पुलिस चौकी के ठीक बगल पानी से भरे गड्ढे में प्रदीप का शव पड़ा पाया गया। प्रदीप के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। परिजनों को देर से ही इसका पता चला सैकड़ों की तादाद में एकत्रित लोगों ने पुलिस चौकी के समीप मृतक के शव को सड़क पर रखकर बखेड़ा खड़ा कर दिया। तमाम समझाने बुझाने के बाद जब लोगों का गुस्सा शांत हुआ तो पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी अमरजीत समेत एक अज्ञात के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**ट्यूशन से लौट रहे...**रुद्रपुर से घर आ रहा था। इसी दौरान वहां पर रोनक ग्रोवर पुत्र पंकज ग्रोवर फ्रेंड्स कलेक्शन शॉप से बहस हो गई। इसी दौरान पंकज ने मौके पर आकर कहा दुकान में बात करते हैं। आरोप है जैसे ही दुकान पर गये तो वह लोग गाली गलौज करने लग गए। तभी पीछे से आकर पंकज से कैंची से उसके पुत्र के ऊपर जानलेवा हमला किया। जिससे पुत्र की गर्दन पर वार होने से लहु लुहान हो गया। पंकज ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2022 में एपेक्स ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूट बिलासपुर जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) (Board of Technical Education Uttar Pradesh Lucknow) से पालिटैक्निक मकैनिक का डिप्लोमा प्राप्त किया था। 4.7.2023 को रूद्रपुर में शिमला बहादुर से ट्रांजिट कैम्प जाते समय उक्त डिप्लोमा व अंकतालिका की मूल प्रति गिरकर गुम हो गयी है। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं हुयी। अंकतालिका का नामांकन संख्या E19157434300024 अनुक्रमांक नं0 2216873436011 है।

**आशुतोष कुमार पुत्र श्री प्रमोद सिंह**
हाल निवासी-शिमला बहादुर थाना-ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जुगल किशोर बाम्बा (JUGAL KISHORE BAMBA) से बदलकर जुगुल किशोर कर लिया है, अतः भविष्य में मुझे जुगुल किशोर (JUGUL KISHORE)पुत्र श्री चमन लाल के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता-2 डी-1,डी-2, सिविल लाईन, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000